## सार समाचार

# गंगानगर में 150 करोड़ रुपए से बनेगा कैंसर हॉस्पिटल, विधायक बिहाणी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**दैनिक अधिकार, श्रीगंगानगर।** गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर गंगानगर जिले में कैंसर रोग से उपचार के लिये 150 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले चिकित्सालय का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। विधायक बिहाणी ने बताया कि गंगानगर, हनुमानगढ व सीमा से लगते पंजाब क्षेत्र से जिलों में कैंसर रोगियों की भारी संख्या है तथा नागरिकों को उपचार के लिये दूरदराज या बीकानेर जाना पड़ता है। गंगानगर जिले में कैंसर रोग उपचार के लिए सुविधा नहीं होने के कारण राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के संदर्भ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर 1500 करोड़ रूपये की इंवेस्टमेंट के प्रस्ताव प्रस्तुत करवाए। बिहाणी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मुंह मीठा करवाया। उसी के अनुरूप माननीय मुख्यमंत्री ने भी विधायक बिहाणी का भी अच्छे कार्यों के लिये मिठाई खिलाकर अभिवादन किया। इस अवसर पर लव कामरा भी उपस्थित थे।

## जन्म मृत्यु पंजीकरण कार्यों की समीक्षा बैठक 4 दिसंबर को

**दैनिक अधिकार, सीकर,।** जन्म मृत्यु पंजीकरण कार्यों की समीक्षा बैठक 4 दिसंबर को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी । जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में जन्म मृत्यु पंजीकरण कार्य, रजिस्ट्रेशन से जुड़े संबंधित विभागों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

## पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स का जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की अवधि बढ़ाई

**दैनिक अधिकार, अलवर।** राज्य सरकार के सभी पेंशनर्स तथा पारिवारिक पेंशनर्स अब 31 जनवरी 2025 तक जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। कोषाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के जिन पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स द्वारा जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं करवाया गया है वे कोष कार्यालय में उपस्थित होकर या डिजिटल प्रक्रिया के अनुसार जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि 31 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है।

## जीएनएम और संगणक भर्ती का फाइनल रिजल्ट जारी

**दैनिक अधिकार, अजमेर( निसं )।** कर्मचारी चयन बोर्ड ने ल्हरू और संगणक भर्ती परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। बोर्ड ने सफल अभ्यर्थियों के साथ ही भर्ती परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट भी जारी की है। जिसे भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी कर्मचारी चयन बोर्ड ने ऑफिशियल वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर देख सकते हैं। दरअसल, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 3 फरवरी 2024 को 2338 पदों के लिए ल्हरू भर्ती परीक्षा हुई थी। इनमें 2118 गैर अनुसूचित और 220 अनुसूचित क्षेत्र के पद शामिल थे। इसमें प्रदेशभर के 71 हजार 470 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। 3 मार्च 2024 को 625 पदों के लिए संगणक भर्ती परीक्षा हुई थी। इनमें 551 गैर अनुसूचित और 74 अनुसूचित क्षेत्र के पद शामिल थे। इसमें शामिल होने के लिए एक लाख 80 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

## दहेज हत्या की आरोपी सास व ननद को 7 7 साल का कारावास

**दैनिक अधिकार, कोटा।** न्यायालय ने दहेज प्रताड़ना के चलते महिला द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में आरोपी सास कमलाबाई पत्नी बाबूलाल व ननद देवकी निवासी गोदल्याहेडी थाना कैथून को दोषी करार देते हुए 7 साल का कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में 24 अक्टूबर 2016 को फरियादी सत्यनारायण ने थाना कैथून में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह इटोडा गांव थाना सदर बूंदी का रहने वाला है। वे दो भाई व दो बहिन हैं जिसमें से बड़ी बहिन उषा बाई की शादी आज से 3 वर्ष पहले गोदल्याहेडी गांव के गजानन उर्फ लडडूलाल मेहर के साथ की थी, जिसके एक लड़का है,जिसका नाम दीपेश है जिसकी उम्र दो साल है। उसकी बहिन गांव आती थी, तब उनसे कहती थी कि उसे उसकी सास कमलाबाई, ससुर बाबूलाल जी, देवर महावीर, गोलू,ननद देवकी और उसका पति गजानन उर्फ लडडू लाल ये सभी परेशान करते थे।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने रुपेरा और नौरगदेसर में किया ट्यूबवेल लोकार्पण

# बेलासर-द्वितीय 33 केवी जीएसएस का किया शुभारम्भ ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही सरकार : गोदारा



**दैनिक अधिकार, बीकानेर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार को रुपेरा और नौरंगदेसर में नवनिर्मित ट्यूबवेल का लोकार्पण किया। श्री गोदारा ने बेलासर-द्वितीय में 33 केवी जीएसएस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में ढांचागत विकास के लिए विशेष ध्यान दे रही है। ग्रामीणों को सुचारू विद्युत और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सतत रूप से नई स्वीकृतियां जारी की जा रही हैं। ग्राम वासियों को ट्यूबवेल निर्माण की बधाई देते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि रूपेरा और नौरंगदेसर में लंबे समय से ग्रामीणों की मांग को पूरा किया गया है। नया ट्यूबवेल बनने से ग्रामीणों को सुगम पेयजल आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम किया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग के अनुरूप प्राथमिकता से ट्यूबवेल, जीएसएस, सड़कें, स्वास्थ्य केंद्र निर्मित करवाए जा रहे हैं। स्कूलों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नए कक्षा कक्ष निर्माण के साथ रिक्त पदों पर स्टाफ की नियुक्ति का कार्य भी प्राथमिकता पर है। उन्होंने कहा कि गत एक वर्ष में डबल इंजन की सरकार ने पूरी क्षमता से आमजन के जीवन स्तर को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। बजट घोषणाओं में जिले के विकास के लिए अभूतपूर्व घोषणाएं की गई हैं। इनके समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक स्तर पर समुचित समन्वय किया जा रहा है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि %शिक्षित लूणकरणसर, विकसित लूणकरणसर% की दिशा में संकल्पबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र की सभी प्राथमिकताओं को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए क्षेत्र वासियों को सभी आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इससे पहले ग्रामीणों द्वारा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच रामदयाल गोदारा , हेतराम कूकणा, गणपत गोदारा, अखाराम गोदारा, रामनिवास खीचड़, पूर्व सरपंच रामलाल गोदारा, पंचायत समिति सदस्य रवि सारस्वत, उपप्रधान राजकुमार कस्वा, अधिशासी अभियंता नरेश कुमार रेगर सहित ग्रामीण एवं अधिकारी मौजूद रहे।

**शनिवार को करेंगे जनसुनवाई :** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सुमित गोदारा शनिवार को सादुलगंज स्थित अपने आवास पर आमजन के अभाव अभियोग सुनेंगे। श्री गोदारा प्रातः 9 से दोपहर 3 बजे तक आमजन की समस्याएं सुनेंगे।


## खेतेश्वर राजपुरोहित अतिथि गृह का लोकार्पण एक दिसंबर को

**दैनिक अधिकार, श्रीगंगानगर।** इंद्रा कॉलोनी स्थित श्रीखेतेश्वर राजपुरोहित अतिथि गृह का लोकार्पण एक दिसंबर को सुबह 11:15 बजे होगा। अतिथि गृह के लोकार्पण से पहले सुबह साढ़े दस बजे तुलछाराम महाराज का प्रवचन और भामाशाहों का सम्मान समारोह आयो?जित किया जाएगा। इस दिन सुबह 10 बजे तुलछाराम खेतेश्वर बस्ती से यहां पहुंचेंगे।

स्वरूपजी राजपुरोहित ने बताया कि 30 नवंबर को तुलछाराम जी महाराज जयपुर रोड से बीकानेर पहुंचेंगे। वे रात्रि विश्राम खेतेश्वर बस्ती स्थित खेतेश्वर मंदिर में करेंगे। विदित रहे कि पिछले दिनों इंद्रा कॉलोनी में खेतेश्वर राजपुरोहित अतिथि गृह का रिनोवेशन करवाया गया था। रिनोवेशन के बाद इस अतिथि गृह का लोकार्पण किया जाएगा।

### हादसे की आशंका : 2.93 करोड़ से बनी पटेल नगर पुलिया में आई दरारें

# 4 इंच धंसा स्लैब, भारी वाहनों का गुजरना जारी



**दैनिक अधिकार, बीकानेर।** पटेल नगर में 2.93 करोड़ रुपए की लागत से एक साल पहले बना पुलिया निर्माण में ठेकेदार और अधिकारियों की अनदेखी के चलते पुलिया में दरारें पड़ गई हैं। स्लैब 4 इंच धंस चुका है। इसके नीचे से गुजरने वाली सीवर लाइन जगह-जगह टूटने से लगातार पानी बह रहा है। जिससे दीवारें कमजोर हो चुकी हैं। पुलिया के गिरने का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों ने घटिया निर्माण और प्रशासन की लापरवाही को हादसे के लिए खुला निमंत्रण बताया है। इसके बावजूद प्रशासन ने यहां से भारी वाहनों का आवागमन बंद करने की जहमत नहीं उठाई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान सीवर लाइन और पुलिया दोनों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसका परिणाम अब सामने आ रहा है। सीवर लाइनें भी जगह-जगह टूट चुकी हैं। बीते दिनों एक ईंटों से भरा ट्रक सीवर लाइन के ऊपर धंस गया था। जिससे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद से सीवर का गंदा पानी बाइपास कर दूसरी लाइन में छोड़ा जा रहा है। जिम्मेदारी लेने की जगह पर नगर निगम और यूआईटी के अभियंता इस मामले में आमने सामने हैं। सीवर लाइन जाम होना भी समस्या की वजह है और तीन करोड़ के निर्माण के समय पुरानी सीवर लाइन का ध्यान न रखना भी बड़ी अनदेखी है।

**कैसे टूटी सीवर लाइन :** यह जांच का विषय हो सकता है कि ओवर लोड ट्रक के कारण सीवर लाइन टूटी या टूटी सीवर लाइन में ट्रक धंस गया। अभी सच ये है कि पुल के नीचे से गुजरने वाली सीवर लाइनें भी जगह-जगह टूट चुकी हैं। ये भी लोगों ने देखा है कि ईंटों से भरा ट्रक सीवर लाइन के ऊपर धंस गया था। अब सीवर का गंदा पानी बाइपास कर दूसरी लाइन में छोड़ा जा रहा है, जिससे इलाके में भयंकर बदबू फैल रही है। स्थानीय निवासी रामनिवास चौधरी ने कहा, सीवर लाइन की बदहाली और पुल के क्षतिग्रस्त होने से यहां लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। प्रशासन के अधिकारी स्थिति का जायजा लेने तक नहीं आए हैं। : पुलिया निर्माण के समय ठेकेदार ने मापदंडों की अनदेखी की और अधिकारियों ने इसे नजरअंदाज कर मंजूरी दे दी।

# नदी के पुल पर झूली राजस्थान रोडवेज की बस, 40 यात्रियों की सांसें अटकीं



## झुंझुनूं से दिल्ली जा रही थी रोडवेज बस

दैनिक अधिकार

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं डिपो की राजस्थान रोडवेज बस शुक्रवार सुबह 10 बजे बेकाबू हो गई। बस का अगला हिस्सा नदी की पुलिया पर झूल गया। बस झुंझुनूं से दिल्ली जा रही थी। हादसा झुंझुनूं के बगड़ थाना इलाके के खुड़ाना गांव के पास काटली नदी पर बने पुल पर हुआ। बस में 40 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार- सामने से स्कूली बच्चों से भरा ऑटो आने के कारण बस बेकाबू हो गई और पुल से लटक गई। पुल के किनारे पर बने डिवाइडर में बस का निचला हिस्सा फंसने से यह रुक गई और खाई में नहीं गिरी।

बगड़ थाना इंचार्ज हेमराज मीणा ने बताया- थाने में फोन से हादसे की सूचना मिली। बताया कि नदी एरिया में रोडवेज बस हादसे का शिकार हो गई है। जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे। यात्रियों बाहर आ चुके थे। सभी सकुशल थे। पुलिया पर बस फंसने से राहगीरों की भीड़ लग गई थी। दोनों तरफ जाम लग गया था। लोगों को मौके से हटाकर क्रेन से बस को निकाला। ट्रैफिक इंचार्ज धन बहादुर सिंह ने बताया- बस का झुंझुनूं डिपो से दिल्ली रवाना होने का समय सुबह 8.20 का है। शुक्रवार को यह सुबह 9 बजे डिपो से रवाना हुई।

पुलिया पर सामने स्कूल के बच्चों से भरा ऑटो आने के कारण बस बेकाबू होकर पहले पेड़ से टकराई फिर पुल पर लटक गई। किसी यात्री को चोट नहीं आई है। बस का नुकसान हुआ है। झुंझुनूं रोडवेज डिपो के चीफ गणेश शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार- हादसे के 2 मिनट बाद ही रोडवेज प्रशासन को मौके पर भेजा और हादसे की जानकारी ली। साथ ही सभी सवारियों को उनके स्थान पर पहुंचने के लिए रोडवेज की दूसरी बस को रवाना किया गया।

### कुछ यात्री खिड़की से कूदे

जानकारी के अनुसार- रोडवेज बस अगर 2 फीट और आगे बढ़ जाती तो 10 फीट गहरी खाई में जाकर गिरती। जैसे ही हादसा हुआ यात्रियों में चीख पुकार मच गई। ड्राइवर-कंडक्टर ने यात्रियों को शांत कराया और भागदौड़ न करने की चेतावनी दी। बस का गेट हवा में था, ऐसे में एक-एक यात्री को बस से सावधानी से बाहर निकाला गया। आपाधापी में कुछ यात्री खिड़कियों से सड़क पर कूद गए। सभी यात्रियों के बाहर आने के बाद ड्राइवर कंडक्टर बस से उतरे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। बस झूली थी वहां धरातल से पुल की ऊंचाई 10 फीट से ज्यादा थी। ऊपर से बस गिरती तो यात्रियों की जान जा सकती थी। हादसे के बाद कुछ महिलाएं बदहवास हो गईं। एक बुजुर्ग महिला यात्री सड़क पर ही बैठ गई। लोग हादसे को लेकर चर्चा करने लगे। कुछ यात्री अपने मोबाइल से बस का वीडियो बनाने लगे। कुछ ने घर वालों को हादसा होने और सुरक्षित बचने की खबर दी।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कार पलटी, पति-पत्नी की मौत



**दैनिक अधिकार, अलवर।** दिल्ली-मुंबई सुपर एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे कार (वगैनार) पलटकर पुलिया के बीच में फंस गई। हादसे में कार सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। वहीं उनकी बहन-बहनोई, भांजा-भांजी और बेटा घायल हो गए। सभी सोनीपत के रहने वाले हैं और मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने जा रहे थे। हादसा अलवर में बडौदामेव के पास का है। घायलों को अलवर जिला हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। वहीं शव बड़ौदामेव सीएचसी में हैं। उनके परिजनों को हादसे की सूचना दी गई है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि कार चालक को नींद की झपकी आने पर बैलेंस बिगड़ा और दूसरी कार से टकराकर पलट गई।

**बलेनो कार की टक्कर से पलटी वैगनआर:** घायल सोनीपत के रहने वाले राजकुमार (38) ने बताया- वह पत्नी पूजा, बेटी दिव्यांशी (6), बेटे रुद्राक्ष (3) के अलावा अपने साले कमल और साले की पत्नी सिया व उनके बेटे चीकू के साथ मेहंदीपुर बालाजी दर्शन के लिए जा रहे थे। बडौदामेव के पास बलेनो कार से टकराने के बाद हमारी कार पलटते हुए आगे पुलिया के बीच खाली हिस्से में फंस गई।

**3 साल पहले हुई थी शादी:** कार पलटने पर उसमें सवार कमल और उनकी पत्नी सिया की मौत हो गई। वहीं उनका बेटा, बहन-बहनोई और भांजा-भांजी घायल हो गए। कमल प्राइवेट कंपनी में बतौर सुपरवाइजर काम करते थे। जिनकी 3 साल पहले ही शादी हुई थी। उनके एक बेटा है। जो उनके साथ ही कार में था। कमल का परिवार सोनीपत में तारा नगर में रहता है। उन्हें हादसे की सूचना दे दी गई है।

### हादसे में पांच घायल

एबुलेंसकर्मी सचिन कुमार ने बताया- दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंचे। कार पुलिया में फंसी हुई थी। सभी को कार से निकालकर बड़ौदामेव सीएचसी लेकर गए। दो जनों की मौत हो गई थी। बाकी पांच घायलों को जिला हॉस्पिटल रैफर किया गया।

**साला व पत्नी की मौत, बेटा घायल :** कमल और साले की पत्नी सिया सोनीपत में तारा नगर में रहते हैं। कमल प्राइवेट कंपनी में बतौर सुपरवाइजर काम करता है। जिनकी 3 साल पहले ही शादी हुई थी। जिनके एक बेटा है। जो उनके साथ ही था। गंभीर घायल है। जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

## संत भावनाथ आश्रम में 13 दिसंबर से होगा 21 कुंडीय विष्णु महायज्ञ

**दैनिक अधिकार, श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर रोड कानासर फांटा स्थित संत भावनाथ आश्रम में 13 दिसंबर से शुरू होने वाले 21 कुंडी विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को जोड़ने के लिए आयोजन समिति की ओर से बैनर, फ्लैक्स लगाने और प्रबुद्ध लोगों को घर-घर जाकर आमंत्रण देने की शुरुआत के साथ वहां बैठकों को दौर शुरू हुआ। आयोजन समिति के प्रहलाद ओझा ने बताया कि शहरी क्षेत्र के मुख्य-मुख्य मंदिरों एवं शहर के आस पास के गांव में यज्ञ एवं कथा आयोजन की पूरी जानकारी के बैनर लगाए जाने हैं जिसके तहत सर्वप्रथम गावों से शुरूआत की गई। गांव सोवा, गजरूपदेसर, खारा, हुसंगसर एवं गेरसर के मंदिरों में गुरुवार को बैनर लगाए गए। ओझा ने बताया कि खारा के सरपंच भैरुंसिंह और हुसंगसर के सरपंच शिव प्रजापत सहित कई लोगों को आमंत्रण के समय गांव वालों की तरफ से आयोजन को सफल बनाने के लिए आश्वस्त किया गया। वहीं सोवा में ठाकुरजी के मंदिर में कई लोगों ने एकत्रित होकर संत भावनाथ महाराज का स्वागत किया तथा गांव के अनेक प्रबुद्ध लोगों ने एक स्वर में सम्पूर्ण गांव वासियों की ओर आर्थिक तथा शारीरिक दोनों सहयोग देने की बात कही।

# विद्युत कर्मियों ने निजीकरण का रैली निकालकर किया विरोध



**दैनिक अधिकार, कोटा।** सरकार द्वारा प्रसारण, उत्पादन एवं वितरण तीनों विद्युत निगम में निजीकरण किया जा रहा है, सरकार के इस फ़ैसले पर तीनों निगम के कर्मचारी आन्दोलन के लिये एकजुट हो गये हैं। सरकार द्वारा वितरण निगम में हेम मॉडल के तहत 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशनो के 11 केवी के फीडरों का सेग्रीगेशन और सोलराइजेशन के नाम से निजीकरण किया जा रहा है इसी तरह विद्युत प्रसारण निगम में कलस्टर के नाम से 400 केवी एवं 765 केवी जीएसएस को भी निजी हाथों में सौंपा जा रहा है एवं उत्पादन निगम में जॉइंट वेंचर के नाम से निजीकरण किया जा रहा है। संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्य रविन्द्र मालव, धनराज गौड़, योगेन्द्र हाडा ने बताया कि डिस्कॉम में विभिन्न प्रक्रियाओं एवं अलग अलग मॉडलों के नाम से किये जा रहे अंधाधुंध निजीकरण के खिलाफ राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले विद्युत कर्मचारियों ने राजस्थान के सभी वृत्त मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। इसके तहत कोटा जिले मे विद्युत वितरण, उत्पादन एवं प्रसारण निगम में कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन कर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन दिया। इसके उपरांत सभी कर्मचारी रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कोटा पहुंचे एवं जिला कलेक्टर, कोटा को मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम ज्ञापन देकर विरोध दर्ज करवाया

ज्ञापन के दौरान संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्य कपिल मालव, दीपराज दुबे, चेतन गौड़, वीरेन्द्र कश्यप, भरतराम सैनी, मुकेश गोस्वामी, मनीष श्रीवास्तव, हिमांशु बेरवा, रिंकू गुप्ता एवं उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण निगम के विद्युत कर्मचारी सेंकड़ों की संख्या में मौजूद रहे एवं कड़ा विरोध दर्ज करवाया।

MENTOR HOME LOANS
खुशियां आपकी साथ हमारा....

मेन्टोर होम लोन्स इंडिया लिमिटेड
CIN U67120RJ1995PLC009580
पंजीकृत कार्यालय मेन्टोर हाऊस, गोविन्द मार्ग, सेठी कॉलोनी, जयपुर – 302004 राजस्थान
फोनः 0141–2611999, ई–मेलः compliance@mentorloans.co.in वेबसाईटः www. mentorloans.co.in

29वीं वार्षिक साधारण सभा की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 29वीं वार्षिक साधारण सभा (29वीं एजीएम) शनिवार, 28 दिसंबर, 2024 को भारतीय मानक समय (आईएसटी) के अनुसार दोपहर 03.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस ('वीसी')/अन्य ऑडियो–वीडियो माध्यम ('ओएवीएम') सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुपालन में और सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, सामान्य परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023, सामान्य परिपत्र संख्या 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 और सामान्य परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022, सामान्य परिपत्र संख्या 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर, 2021, सामान्य परिपत्र संख्या 19/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 और सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 के तहत कॉरपोरेट मामलो के मंत्रालय ('एमसीए परिपत्र') द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अनुपालन में, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना एक सामान्य स्थान पर आयोजित की जाएगी।
वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए 29वीं एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना एमसीए परिपत्रों के अनुसार केवल उन सभी सदस्यों को ई–मेल/अनुमत के माध्यम द्वारा भेजी जाएगी, जिनके ई–मेल पते कंपनी या उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डिपॉजिटरी) के साथ पंजीकृत है, सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 29वीं एजीएम में शामिल हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। 29वीं एजीएम में शामिल होने के निर्देश और ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से रिमोट इलेक्ट्रोनिक वोटिंग या वोटिंग में भागीदारी के तरीके को 29वीं एजीएम के नोटिस में प्रदान किया गया है। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा। 29वीं एजीएम और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना कंपनी की वेबसाईट www.mentorloans.co.in एवं सेन्ट्रल डिपोजिटरी सर्विसेस (इण्डिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।
यदि आपने कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, तो कृपया वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने और ई–वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण प्राप्त करने हेतु नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें:

| | |
|---|---|
| भौतिक रूप से धारित करते हुए | सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वह अपना नाम, फोलियो नंबर, पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन कॉपी) मोबाईल नंबर, ई–मेल आईडी और शेयर प्रमाण पत्र (आगे और पीछे) की छवि की स्कैन की गई कॉपी अपलोड करने के लिए कृपया compliance@mentorloans.co.in पर कंपनी को ई–मेल प्रेषित करें। |
| डीमैट रूप से धारित करते हुए | सदस्यों से डीमैट खाता विवरण (सीडीएसएल–16 अंको की लाभार्थी आईडी या एनएसडीएल–16 अंक डीपीआईडी + सीएलआईडी), नाम, ग्राहक मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार प्रदान करने का अनुरोध किया जाता है। अनुपालन के लिए आधार कार्ड की स्व सत्यापित स्कैन प्रति) compliance@mentorloans.co.in या कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और अपने डीपी की सलाह के अनुसार अपना ई–मेल पता अपने डीमैट खाते में पंजीकृत करें। |

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
कृते मेन्टोर होम लोन्स इण्डिया लिमिटेड
हस्ता./–
रोहित जैन
(कंपनी सचिव)
A-47662

स्थानः जयपुर
दिनांकः 30 नवम्बर, 2024